हिरौंदी कठौता के लोगों ने पानी समस्या को लेकर किया अनोखा प्रदर्शन

पांच माह से परेशान ग्रामीणों ने सरपंच सचिव की गई पूजा अर्चना

नवभारत न्यूज

हिरौंदी 21 नवंबर, हिरौंदी कठौता के लोगों ने 5 महीने से पानी की समस्या को लेकर परेशान है समस्या की निदान के लिए कठौता वार्ड पंच रंगीलाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने सरपंच कमलेश सिंह सचिव रमेश यादव की फोटो रखकर उनकी पूजा अर्चना की और प्रार्थना की गई कि भगवान सदबुद्धि दे।

ग्रामीणों ने बताया सरपंच सचिव द्वारा अधूरी पाइपलाइन को हैंडोवर ले लिया गया है और सड़कों का मरम्मीकरण भी नहीं किया गया जिससे सड़कों में बड़े

गड्ढे हो गए हैं आए दिन दुर्घटनाएं हो रही प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा सचिव रमेश यादव के कार्यों में लापरवाही के चलते तीन माह पहले मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहुल पांडे जी द्वारा कार्यों के अनियमितता के चलते रमेश यादव केनिलंबन की कार्यवाही की गई थी और निलंबन प्रस्ताव जिला पंचायत सतना भेजा गया था पर आज तक कोई कार्रवाई न होने के कारण सरपंच सचिव के हौंसले बुलंद है मुख्य कार्यपालन अधिकारी मझगवां राहुल पांडे और मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतना श्रीमती संजना जैन दोनों महोदय का ट्रांसफर हो चुका है लेकिन ग्राम पंचायत सचिव रमेश यादव हिरौंदी में ही जस के तस बने हुए है और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर कर चुके है ग्रामीणों ने कहा है सरपंच सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने समस्या का समाधान न होने पर सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस को अवगत कराया जाएगा और जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाएगा तब तक कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इनका कहना है

ग्रामीण एवं वार्ड सदस्य **रोहिणी सिंह** द्वारा बताया गया कि कि हम लोग करीब 5 माह से पानी के लिए परेशान है पूरा गांव कई बार सरपंच सचिव को जानकारी दी गई मगर हमेशा नजरअंदाज कर दिया गया उनके द्वारा इसके लिए यह कदम उठाया गया है अगर मांग पूरी न हुई तो कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे जल्दी ही किया जाएगा।

ग्रामीण **गणेश सिंह** द्वारा बनाया गया है कि हमारे गांव में पानी की बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है सरपंच शिव को भी जानकारी दिए मगर ध्यान नहीं दिया जा रहा हूं उनके द्वारा पूरा गांव पानी के लिए परेशान रहता है वोट बस मांगने आते हैं ।

ग्रामीण **सुंदर सिंह** द्वारा बताया गया है कि 5 माह से पानी के लिए परेशान है कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है जिससे महिलाएं अक्सर अपने के लिए परेशान रहती हैं बच्चे स्कूल पानी घर से ले जाते हैं।

ग्रामीण **अच्छे लाल सिंह** द्वारा बताया गया है कि मेरी खाद्यान्न परची का नाम भी सचिव द्वारा हटा दिया गया है शिकायत करने के बाद कोई अधिकारी जोड़ने को तैयार नहीं जिससे मैं खाद्यान्न का फायदा नहीं उठा पा रहा हूं।

कार्यवाही संदेहास्पद, जायेंगे कोर्ट, होगा जन आंदोलन : नारायण त्रिपाठी

नवभारत न्यूज

सतना 21 नवंबर, पूर्व विधायक मैहर नारायण त्रिपाठी ने मां शारदा मंदिर में घटित मामले में हुई कार्यवाही को लेकर बड़ा बयान दिया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासनिक कार्यवाही हास्यास्पद है साथ ही इतने बड़े मामले में एक अदने से कर्मचारी को आरोपित कर सजा से पूरे मामले से पल्ला नहीं झाड़ सकता प्रशासन।

उन्होंने कहा कि एसडीएम द्वारा जारी नोटिस पर अगर गौर किया जाय तो उन्होंने नोटिस में हो साफ शब्दों में लिखा है कि शिकायत कर्ता द्वारा दूरभाष के माध्यम से शिकायत की जिसके शिकायत की पुष्टि की गई जिसमें पाया गया कि उक्त आरोप घटित पाए गए और उक्त कृत्य मंदिर गरिमा के विपरीत है। सवाल यह कि नोटिस के पूर्व जब आपने हुए अपराध को प्रमाणित कर लिया और प्रमाणित आपने अपने कैमरों के माध्यम से किया होगा क्योंकि व्यक्ति बदल सकता है झूठ बोल सकता है लेकिन कैमरे में कैद हुई चीजें न बदलती और न ही झूठ बोलती।

जब अपराध प्रमाणित था तो इस अपराध के लिए कौन कौन लोग जिम्मेवार थे । माई के धाम में इस अपराध में कौन कौन शामिल था इस बात का सत्यापन तो आसानी से किया जा सकता था तो फिर एक अदने से कर्मचारी पर

पूरा आरोप कैसे मड़ दिया गया क्या अन्य लोग जो इसके लिए जिम्मेवार नहीं थे और सबसे बड़ी बात कि इस अपराध को घटित किसने किया उसे अपने क्लीन चिट दे दिया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि माई के धाम में घटित इस तरह के कृत्य बर्दास्त नहीं किए जाएंगे साथ ही दोषपूर्ण कार्यवाही भी बर्दास्त नहीं की जाएगी। पूरे मामले में उच्च अदालतों में ले जाया जायेगा साथ ही प्रशासनिक मनमानी के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जायेगा। जबतक मामले में निष्पक्ष और हर पहलुओं की जांच कर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही नहीं की जाएगी मामले में चुप नहीं बैठा जायेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रशासन निष्पक्षता के साथ उक्त दर्शनार्थी ने दर्शन पूजन चढ़ावा से लेकर उस चढ़ावे को ले जाने गोल करने वालो के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करे पूरी सच्चाई लोगो के सामने लाए और उसी के अनुरूप कार्यवाही करे अन्यथा कोर्ट जाकर पूरे फुटेज सार्वजनिक कराए जाएंगे तब प्रशासन भी बेनकाब हो जाएगा।

सरपंचों,उपसरपंचों एवं पंचों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

नवभारत न्यूज

नागौद 21 नवंबर, बदलाव का नेतृत्व स्थानीय स्वशासन और महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने संबंधी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 3 दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 17 से 19 नवंबर 2025 की अवधि में जनपद पंचायत नागौद में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य और सीईओ जनपद पंचायत के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत नागौद अंतर्गत 94 ग्राम पंचायतों से निर्वाचित 50 से अधिक महिला सरपंचों जबकि 300 से अधिक महिला उपसरपंच एवं पंचों ने अपनी सहभागिता की। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह रहे, जबकि इस हेतु राज्य ग्रामीण विकास संस्थान जबलपुर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सुश्री आंचल पटनहा और आराधना शिवहरे ने 3 दिन तक महिला जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण विकास की इकाई के रूप में उनकी भूमिका सहभागी ग्रामीण प्रबंधन और स्वयं से करके सीखने की अनेक विधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अपने उद्बोधन में महिला शक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया साथ ही उन्हें समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यशालाओ में निरंतर भाग लेते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं के जीवन के संघर्ष का उदाहरण देते हुए महिला जनप्रतिनिधियों को भी आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने हेतु आगे आने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है और इस नाते उनकी सरकार और समाज में निर्णय लेने की क्षमता से अच्छे परिणाम निकालकर आएंगे। इस संकल्पना के साथ इस कार्यक्रम में शामिल रही 300 से अधिक महिला जनप्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा और अपनी भूमिका को खेल-खेल में सीखने का प्रयास किया। भविष्य में ऐसे ही अन्य प्रशिक्षण शिविरों में शामिल होने और ग्राम विकास में भागीदार रहने के संकल्प के सभी ने आज इस कार्यक्रम में सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षण का औपचारिक समापन आज हो गया।

बरौंधा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी चंदन सिंह का निधन

सतना 21 नवंबर, जिले के वरिष्ठ समाजसेवी चंदन सिंह नरदहा बरौंधा का बीती रात 8 बजे हृदयघात से असामयिक एवं दु:खद निधन हो गया। उनकी पहचान एक दबंग व्यक्ति की थी उनका अंतिम संस्कार आज (शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025) उनके पैतृक गृह ग्राम नरदहा में सुबह 11 बजे वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ।

हाई स्कूल घुघुचिहाई में किया गया नि :शुल्क साईकिल वितरण

नवभारत न्यूज

कोटर 21 नवंबर, रामपुर बाघेलान कोटर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघुचिहाई के शासकीय हाई स्कूल 21,11,2025 को छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यकरम किया गया जिसमें 17 बालिकाये एवं 10 बालक लाभान्वित हुए ।

इस अवसर पर वहां के जनप्रतिनिध अभिवावकों एवं सरपंच कमलेश बहादुर सिंह एवं प्रिंसिपल आर एम साकेत

सुनील मिश्रा अच्छेलाल सतनामी बलराम पांडे सुखेंद्र गुप्ता एके श्रीवास और छात्र शानु द्विवेदी पुर्णिमा तिवारी अनामिका तिवारी मानवी केवट हिमांशी केवट अभिवावक मोहन तिवारी चुली अरुणेश तिवारी भागवत द्विवेदी कि मौजुदगी में साईकिल वितरण किया गया।

नये अनुविभागीय अधिकारी बी के मिश्रा ने कोटर कार्यालय में कार्यभार लिया

नवभारत न्यूज

कोटर 21 नवंबर, नवीन एस. डी. एम बी के मिश्रा ने कोटर पहुंचकर तहसीलदार के साथ सभी कार्यालय स्टॉफ का परिचय कर अदालत की कार्रवाई प्रारम्भ किया।

कोटर क्षेत्र की जनता को नये अधिकारी से बहुत उम्मीद है सुचारु रूप से अदालत की कार्रवाही एवं अवैध उत्खनन पर रोक लग सकती है और शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने में नये एसडीएम प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। कार्यालय मे मुख्य रूप से तहसीलदार मनिराज सिंह बागरी ,प्रशांत द्विवेदी, कोटर रीडर अभिमन्यु सिंह, कृष्णगोपाल पांडेय, रामचरण साकेत ,जानह्नवी पांडेय ,सुनील त्रिपाठी, विवेक गुप्ता ,पटवारी अमर सिंह , वरिष्ठ वकील अनूप तिवारी, बाबूलाल द्विवेदी, कमलेश पयासी ,रामसुमिरन सतनामी एवं विनोद तिवारी और नरेन्द्र पांडेय के अलावा क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

डेढ़ सौ किसानों को मसूर मिनीबीज किट वितरित

नवभारत न्यूज

रामनगर 21 नवंबर, आज दिनांक 21 नवंबर 2025 को विकासखंड रामनगर कार्यालय में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन अंतर्गत लगभग 150 कृषकों को मसूर मिनीकिट बीज का वितरण किया गया.

जनपद सदस्य प्रदीप गौतम व चंद्रभान सिंह के साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामनगर संजय सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी संतोष खगार, मन्नू निनामा, नितिन सिंह परिहार, प्रसून व आत्मा परियोजना से सत्त्यम उपस्थिति रहे कृषकों को मसूर उत्पादन की उन्नत तकनीकी वह रवि फसलों की खेती में ध्यान देने योग्य बातो व समसामयिक सलाह दी गई।

वार्षिकोत्सव में शिशुओं की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध

नवभारत न्यूज

नागौद 21 नवंबर, कोपल किड्स ऐकेडमी ने वार्षिकोत्सव के अंतर्गत अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया लगभग तीन घंटे की रंगमंचीय प्रस्तुति ने सभी को आकर्षित किया । कक्षा नर्सरी से आठवी तक के बच्चों ने गीत, नृत्य,फैंसी ड्रेस, एवं नाटिका का प्रदर्शन कर वाहवाही प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. धीरेन्द्र सिंह

(सेवानिवृत्त प्राचार्य जलद त्रिमूर्ति महाविद्यालय नागौद) एवं अध्यक्ष डॉ. राजन शरण श्रीवास्तव ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ में दूर्वा समिति के अध्यक्ष सुग्रीव सिंह ने चाचा नेहरु के छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पित किया एवं अतिथियों को पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत सुधीर सिंह बघेल तथा श्रीमती रीतू सिंह ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह समर्पित कर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा प्रदर्शित राजस्थानी नृत्य, हरियाणवी नृत्य,जो आठवी कक्षा एवं सातवी कक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गए दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहे ।शिशु वर्ग के बच्चों ने अपने शिशु गीतों पर आधारित नृत्य एवं फैंसी ड्रेस से प्रशंशा अर्जित की। बच्चों की प्रस्तुतियों में विद्यालय के शिक्षक श्रीमती नीतू सिंह, अनामिका सिंह, रीना सिंह, ललिता, हेमलता ने सहयोग किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने अल्पावधि में विद्यालय की उत्कृष्ट विशिष्ट उपलब्धि के लिए तथा शैक्षिणिक स्टार को बनाये रखने के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी ।अध्यक्ष महोदय डॉ. राजन शरण श्रीवास्तव ने भी अपनी शुभकामनाये अर्पित की । अंत में विद्यालय प्रमुख सुधीर सिंह ने सभी के प्रति आब्भार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया ।

व्यवसायी प्रमोद अग्रवाल को मातृ शोक

कोठी 21 नवंबर, दीन सहायक संस्था कोठी एवं व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ,पूर्व एल्डरमैन एवं अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल की मां श्रीमती सरमनी बाई अग्रवाल का निधन शुक्रवार को सुबह 11 बजे हो गया है वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी , वे 98 वर्ष थी। अंतिम संस्कार कोठी के वार्ड क्रमांक 15 स्थित मुक्तिधाम में हिंदू रीति रिवाज के साथ किया गया उनके पुत्र प्रमोद अग्रवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी ।इस दौरान कई सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। श्रीमती अग्रवाल के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है, दयाशंकर मिश्रौलिया पदमधर मिश्रा केशव सिंह उमेश सिंह पप्पू बृजेश गर्ग सोनू अनमोल मिश्रा संजय सोनी आशीष सोनी ऋषि सोनी रामजी गुप्ता राकेश सिंह बबलू शैलेंद्र सिंह सहेंद्र सिंह कृष्ण पाल सिंह मनिंदर सिंह जीतू कृष्ण भान सिंह कैलाश गुप्ता सहित नगर के सैकड़ो लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

कामदगिरि परिक्रमा पर आए श्रद्धालु ने स्वच्छता का चलाया अनोखा अभियान

▶ देख कर हर कोई कर रहा सराहना

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 21 नवंबर धर्मानगरकामदगिरि परिक्रमा पथ पर बाहर से आए श्रद्धालु ने गंदगी देखकर लोगों को जागरूक करने का अनोखा तरीका अपनाया।

श्रद्धालु ने सिगरेटगुटखे के खाली पैकेट का सेहरा बनाकर परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालुओं भक्तों को जागरुक करते हुए नजर आए। जन जागरूकता की अनूठी पहल के माध्यम से परिक्रमा लगा रहे भक्तों से मार्ग में गंदगी न फैलाने की अपील की। राम भक्त में सराबोर इस श्रद्धालु का चित्रकूट परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान का प्रेरणादाई वीडियो वायरल हो रहा है। स्वच्छता संदेश के साथ ही यह एक बड़ा

सवाल यह भी है कि हमारी जवाबदेही क्या है स्वच्छता जागरूकता की यह अनूठी पहल आखिर भगवान राम की नगरी में विशेष रूप से भगवान कामतानाथ परिक्रमा पथ पर पान बीड़ी गुटका सिगरेट पीने और पीकें मार कर चित्रकारी करने वाले श्रद्धालुओं को अंतरमन में झांकने पर मजबूर कर देगा .

अर्थिंग कंप्लीट ,63 केवीए ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई शुरु

जल्द आएगा टेक्नीशियन और शुरू होगी एक्स-रे सुविधा

नवभारत न्यूज

कोठी 21 नवंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे मशीन अब जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

बताया गया कि चार दिन पहले विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई चालू कर दी गई थी और अब अर्थिंग का कार्य कंप्लीट हो गया है और अब टेक्नीशियन भी बुलाया जा रहा है



विभाग ने एक्स-रे मशीन मंगवा जाने के लिए भी कार्य किया जा चुका है जो जल्द ही आएगी और टेक्नीशियन के ओके रिपोर्ट देते ही शुरू हो जाएगी विभाग ने बताया कि एक्स-रे मशीन शुरू कराई जाने के लिए तेज गति से कार्य किया जा रहा है अधिकतम 15 दिवस में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और जल्द ही क्षेत्र वासियों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

श्री सत्य साई राम के 100वें जन्मोत्सव पर 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ बरहना में कल से

नवभारत न्यूज

कोठी 21 नवंबर, समीपी ग्राम पंचायत बरहना में श्री सत्य साई राम के 100 वें जन्मोत्सव के अवसर पर 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 23 नवंबर रविवार किया जाएगा ।

महायज्ञ की तैयारियां जोरो से चल रही हैं इस अवसर पर श्री सत्य साई राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें

क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे विजय राज सिंह प्रवीण तिवारी करुणेश सिंह सहित अन्य समिति के सदस्य आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं आयोजन स्थल पर 108 कुंड बनवाए गए हैं जिसमें गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाए।

पुल की रेलिंग पूरी तरह से टूटी, हादसे का खतरा

नवभारत न्यूज

कोठी 21 नवंबर, सतना चित्रकूट मार्ग में कोठी के पहले ग्राम पोड़ी के सिमरावल नदी के ऊपर बने पुल पर कभी कोई भी बड़ी घटना होने की आशंका है। राज्य मार्ग भी साथ ही चित्रकूट धाम जाने का मुख्य मार्ग है और 24 घंटे इस सड़क पर वाहनों का आना-जाना रहता है । लेकिन जर्जर पुल की रेलिंग भी पूरी तरह से टूट गई है।

लोगों ने कहा कि समाचार पत्रों में

पिछले कई महीनो से इस नदी के पुल की रेलिंग खराब होने का समाचार पढ़ रहे हैं परंतु अब ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग है ही नहीं साथ ही कई लोगों का कहना है कि जहां पर पुल है कोठी से सतना तरफ आने में टर्निंग भी पड़ती है साथ ही दिखाई नहीं पड़ता है क्योंकि पुल के किनारे कई पेड़ लगे हुए हैं और पास आने पर अचानक पुल की रेलिंग टूटी मिलती है साथ ही अब ठंड भी बढ़ रही है जिससे कोहरा का भी प्रकोप आना शुरू हुआ है आगे चलकर कोहरा और तेज गति से बढ़ेगा जिससे दृष्टता भी कम होगी दिन में तो ठीक रात में कभी-कभी अत्यधिक कोहरे की वजह से दृष्टता शून्य हो जाती है जिससे सामने भी कम दिखाई पड़ता है पुल में रेलिंग ना होने की वजह से कभी भी कोई वहां नीचे गिर सकता है और बड़ी घटना का शिकार कोई भी व्यक्ति हो सकता है क्योंकि नीचे नदी है और उसकी गहराई भी अधिक है पूर्व में कई बार घटनाएं घट चुकी हैं घटनाओं की वजह से ही रेलिंग टूटी है लोगों ने बताया कि सबसे बड़ा खेद का विषय यह है कि यहां से सभी जिम्मेदार गुजरते हैं चाहे वह जिस स्तर के हों जिला कलेक्टर से लेकर संबंधित जनप्रतिनिधि मंत्री विधायक सांसद एवं लोक निर्माण विभाग के भी अधिकारियों का आना-जाना रहता है परंतु यह किसी को दिखता नहीं है जब कोई बड़ी घटना घट जाएगी जिम्मेदार तब नींद से जागेंगे अभी तो वह बंद गाड़ी में शीशे बंद कर आंख में पट्टी रखकर काला चश्मा लगाकर तेज गति से निकलते हैं और लंबे समय से बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं,, कोठी निवासी रामचरण शर्मा ने बताया कि अभी पिछले दिनों में उचेहरा के पुल में गाड़ी पुल के नीचे चली गई थी और एक डॉक्टर की मृत्यु हो गई थी इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो जिम्मेदारों को तत्काल पुल की रेलिंग बनवानी चाहिए।

यही हाल कोठी थाने के आगे के पुल में भी

कमोवेश यही हाल कोठी थाने के आगे कोठीयार नदी के ऊपर के पुल में है हालांकि यह पुराना चित्रकूट जाने का मार्ग है और अब नया बाईपास मार्ग बना दिया गया है परंतु इसमें भी कई सालों से एक तरफ की पुल की रेलिंग टूटी हुई है और वाहनों का आना-जाना दिन भर रहता है क्योंकि बस बस स्टैंड होकर ही गुजरती हैं यात्री वाहनों का आना-जाना सभी दिशाओं से इसी मार्ग से होता है साथ ही लोकल ट्रैफिक भी रहता है।

इनका कहना है

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के संगठन मंत्री कृष्णभान सिंह ने कहा कि कई बार समाचार पत्रों में पुल की रेलिंग खराब होने का समाचार प्रकाशित हुआ है परंतु अभी तक इस दिशा में कोई भी कार्य नहीं हुआ जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है यदि कोई घटना घटती है तो जिम्मेदारों को भी सह आरोपी बनाना चाहिए क्योंकि अब ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग है ही नहीं तभी तो पुल की दशा ऐसी है सड़क में सभी उपभोक्ता चलते हैं सभी की सुरक्षा की जिम्मेदारी निहित होनी चाहिए।

Chola
Enter a better life

चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी-54 और सी-55, 4, थिरू वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडे, चेन्नई-600032 (तमिलनाडु)

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है. अधोहस्ताक्षरी का यह मानना है कि उधारकर्ता मांग सूचना की तामील से बच रहा है, इसलिए नियमों के अनुसार सूचना को चिपकाने और प्रकाशित करने से उसकी तामील प्रभावित हो रही है. मांग सूचना की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है :-

क्र.	उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता	ऋण राशि	डिमांड नोटिस की तिथिएवं बकाया राशि	संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण
1.	**ऋण खाता नं.:** LAP4STA000089888 **1. श्रीमान/श्रीमती अमन कश्यप** **2. श्रीमान/श्रीमती अंकित गुप्ता** **3. श्रीमान/श्रीमती गुलाब रानी** **4. श्रीमान/श्रीमती दिनेश गुप्ता** **पता-** पुत्र दिनेश प्रसाद गुप्ता, वार्ड 8, पी. ओ. विला, ई-रामपुर बाघेलान, रामपुर- बाघेलान, सतना, मध्य प्रदेश 485111, हैंडपंप के पास, सतना, मध्य प्रदेश - 485111. **इसके अलावा-** वार्ड क्रमांक 08, महार्तमा गांधी वार्ड, पीएच नंबर 31, ख. 866/1/4/2 का भाग आरएनएम रामपुर बाघेलानरामपुर, मध्यांचल ग्रामीण बैंक के सामने बाघेलानरामपुर बाघेलन सतना मध्य प्रदेश - 485115.	रु. 24,00,000/-	12.11.2025 रु. 24,49,067/- (रुपये चौबीस लाख उन्नचास हजार सड़सठ मात्र) 12.11.2025 तक	ख.नं. 866/1/4/2/ वार्ड नं 08 महर्तमा का भाग गांधी वार्ड, पीएच नंबर 31, आरएनएम रामपुर बाघेलान रामपुर बाघेलान रामपुर बाघेलान सतना - 485115 मध्य प्रदेश, दस्तावेज़ के अनुसार पता- आराजी क्रमांक 866/1/4/2,रामपुर बाघेलान,रामपुर बाघेलान जिला सतना, गुलाब रानी हैंडपंप, 00, सतना, मध्य प्रदेश, लैंडमार्क- मध्यांचल ग्रामीण बैंक के सामने, निकटतम चोला शाखा- सतना शाखा, निकटतम चोला शाखा से दूरी -32, सीमाएँ- दिशाएँ- पूर्व- बाज़ार रोड, पश्चिम- प्रभाकर सिंह की ज़मीन, दक्षिण- गोविंद प्रसाद गुप्ता का मकान, उत्तर- रमेश गुप्ता का मकान, वास्तविक स्थल के अनुसार- पूर्व- मुख्य सड़क, पश्चिम- प्रभाकर सिंह का खुला प्लॉट, दक्षिण- जय नारायण गुप्ता का मकान, उत्तर- रमेश गुप्ता की व्यावसायिक संपत्ति.

उधारकर्ताओं को एतद् द्वारा सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और उसमें और ऊपर उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय सहित भुगतान प्राप्ति की तिथि तक करें. उधारकर्ता ध्यान दें कि चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकर्ताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है. यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सुरक्षित लेनदार अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्ज़ा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करके उन्हें स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह सीमित नहीं है. सुरक्षित लेनदार को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क और/या सील करने का भी अधिकार है. सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, सुरक्षित लेनदार को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य सुरक्षित लेनदार को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है. यह उपाय किसी भी अन्य कानून के तहत सुरक्षित लेनदार के लिए उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है. उधारकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13 (8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय और धारा 13 (13) की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेन-देन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित/निषिद्ध किया जाता है. उपरोक्त का पालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है. मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(ओं) यदि चाहें तो इसे अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्य दिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं.

स्थान : सतना, मध्यप्रदेश
दिनांक :- 12-11-2025

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड